दो लाख सीड बॉल से होगा वृहद हरियाली महोत्सव

▶ सभी जनपद, तहसीलों और स्थानीय स्तर पर आज आयोजित होंगे कार्यक्रम

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 20 जुलाई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंगलवार को जिले के सभी विकासखंडों में नवांकुर अभियान के अंतर्गत सीड बॉल प्रसार का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाए. उन्होंने कहा कि प्राकृतिक वनीकरण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से सभी विभाग समन्वित प्रयास करते हुए अभियान को सफल बनाएं. उल्लेखनीय है कि नवांकुर अभियान के तहत जिलेभर में लगभग 2 लाख सीड बॉल का व्यापक स्तर पर प्रसार किया जाएगा.

बैठक में खाद एवं उर्वरक वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी सहकारी समितियों से खाद का नियमित उठाव सुनिश्चित किया जाए. सहकारिता विभाग साप्ताहिक समीक्षा कर समितिवार डाटा तैयार करे तथा खाद का वितरण रोटेशन के आधार पर किया जाए. उन्होंने कहा कि प्रत्येक समिति में खाद की उपलब्धता पर सतत निगरानी रखी जाए. जिन समितियों से खाद का उठाव कम हुआ है, उनकी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने के बावजूद उठाव नहीं करने वाली समितियों को नोटिस जारी किए जाएं. उन्होंने किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने तथा शेष किसानों से भी खाद का उठाव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए. फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कृषि एवं संबंधित विभागों को किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा कराने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि जिले में शत-प्रतिशत फसल बीमा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें .सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन विकासखंडों में खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत कम है, वहां संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किए जाएं तथा आगामी चार दिवस में शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए . उन्होंने संबंधित एसडीएम को जेएसओ के साथ बैठक कर नियमित समीक्षा करने तथा वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में अग्रिम खाद्यान्न भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए .मूंग उपार्जन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने परिवहन कार्य में तेजी लाने, स्वीकृति पत्रक शीघ्र जारी करने तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड भ्रमण कर किसानों से संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए .उन्होंने स्लॉट बुकिंग एवं टोकन जनरेशन में आ रही समस्याओं का संगोष्ठी आयोजित कर त्वरित निराकरण करने के भी निर्देश दिए . बैठक में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए . साथ ही संभागायुक्त कार्यालय के समय-सीमा पत्रों में लंबित प्रकरणों पर संबंधित विभाग प्रमुखों के एससीएन जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए . सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने स्पष्ट एवं सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जून माह की रैंकिंग जारी होने के बाद जिन विभागों का प्रदर्शन खराब रहेगा तथा जिन्हें बी, सी अथवा डी श्रेणी प्राप्त होगी, उनके संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी . समयबद्ध निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए .

टीसी में छात्रा को पास, मार्कशीट में फेल
सनफ्लावर स्कूल की बड़ी लापरवाही उजागर

नवभारत न्यूज

हरदा, 20 जुलाई. शहर के सनफ्लावर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं.स्कूल द्वारा जारी ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) और प्रोग्रेस कार्ड में एक ही छात्रा के संबंध में विरोधाभासी जानकारी सामने आई है.दस्तावेजों के अनुसार छात्रा मेघा मेहरा के प्रोग्रेस कार्ड (सत्र 2025-26) में कक्षा 9 का परिणाम 'फेल' दर्शाया गया है तथा 500 में 119 अंक (23.8 प्रतिशत) अंकित हैं.

वहीं, इसी छात्रा को जारी ट्रांसफर सर्टिफिकेट में कक्षा 9/सीबीएसई उत्तीर्ण' लिखा गया है और उसे कक्षा 10 में पदोन्नत होने योग्य बताया गया है. दोनों आधिकारिक दस्तावेजों में दर्ज

SUNFLOWER ENGLISH MEDIUM HR. SEC. SCHOOL, HARDA
STUDENT PROGRESS CARD (SESSION : 2025-26)
EDUCATIONAL PERFORMANCE AS FOLLOWS :
PERFORMANCE IN CO-SCHOLASTIC AREAS:
FINAL RESULT :

अलग-अलग जानकारी सामने आने के बाद स्कूल की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं.इस संबंध में जब स्कूल की प्राचार्य भुवनेश्वरी पांडे से चर्चा की गई तो उन्होंने इसे 'प्रिंट मिस्टेक' बताते हुए कहा कि टीसी में यह त्रुटि प्रिंटिंग के दौरान हुई है.वहीं, शिक्षण विकास समिति के अध्यक्ष रविशंकर अग्रवाल ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि समिति इस मामले को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी तथा पूरे प्रकरण की जांच कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी.अब यह मामला अभिभावकों के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है. सवाल यह उठ रहा है कि जब दोनों दस्तावेज स्कूल द्वारा जारी किए गए हैं, तो आखिर सही रिकॉर्ड कौन-सा है और इतनी गंभीर त्रुटि कैसे हुई। समिति द्वारा जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

एक नजर में

विहिप व बजरंग दल ने किया पौधा रोपण

पिपरिया, 20 जुलाई. विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा खापरखेडा में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वहिंदू परिषद व बजरंग दल ने अतिक्रमण से मुक्त कराई भूमि पर लगभग 150 पौधो का पौधा रोपण किया गया जिसमें छायादार व फल्दार वृक्ष शामिल है ।विहिप द्वितीय चरण में पौधा रोपण कर रहा है . पौधा रोपण के दौरान ग्राम में विशेष ही उत्साह था . मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक,जिला कार्यवाहक संजू सिलावट,चैनसिंह पटेल,महेन्द्र साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे .

मूंग खरीदी की मांग को लेकर पुतला दहन किया

पिपरिया, 20 जुलाई.खापरखेडा में 100प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग को लेकर मुख्य मंत्री व सांसद का पुतला जलाया। खापरखेडा में किसानो द्वारा 100 प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग को लेकर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव व सांसद का पुतला जलाया .इस दौरान खापरखेडा मंडल अध्यक्ष नेपाल पटेल,किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सौरभ गोदानी,पप्पू नेता,सौरभ साहू,सुमित पटेल,विवेक पटेल,योगेश पटेल,सुरेन्द्र पटेल व चंदू पटेल सहित भारी तादाद में किसान उपस्थित रहे .

नयागांव से हनोतिया सडक़ का भूमि पूजन हुआ

पिपरिया, 20 जुलाई. नयागांव से हनोतिया गांव तक 4 .20 किलोमीटर सडक़ निर्माण का लेकर भूमि पूजन हुआ . नयागांव हनोतिया सडक़ का निर्माण 4 करोड़ 21लाख रूपये की लागत से होगा इस अवसर पर सांसद द र्शनसिंह चौधरी,विधायक ठाकुरदास नागवंशी उपस्थित रहे . सांसद चौधरी ने कहा कि यह सडक़ विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है इसके निर्माण से ग्रामीणो को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी . कृषि उत्पादो के परिवहन में सुगमता आयेगी तथा शिक्षा,स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियो को नई गति प्राप्त होगी। आपने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रो के मजबूत अधोसंरचना से जोडक़र विकास की मुख्य धारा में लाना है .

ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री बने प्रवेश मिश्रा

पिपरिया, 20 जुलाई. श्रमिक नेता प्रवेश मिश्रा मप्र ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री नियुक्त हुए .कार्यकारी अध्यक्ष व महामंत्री मिलकर कार्यसमिति का गठन करेगे। मप्र ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री प्रवेश मिश्रा को मप्र राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेशाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव द्वारा मप्र ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन का पुन: प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है . इस नियुक्ति पर फेडरेशन के कार्यकर्ताओं एवं परिवहन कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है . इस अवसर पर प्रवेश मिश्रा ने कहा कि मप्र इंटक के प्रदेशाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव व मप्र ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष कृपाशंकर वर्मा एवं जनरल काउंसिल के सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मजदूर एवं संगठन हित में काम करने का आव्हान किया .

वृक्षमित्र संस्था ने रिछेडा में पौधा रोपण किया

पिपरिया, 20 जुलाई . वृक्षमित्र संस्था का 76 वां पौधा रोपण कार्यक्रम रिछेडा में संपन्न हुआ। वृक्षमित्र संस्था द्वारा रिछेडा में 76 वां पौधा रोपण अवसर पर दशहरी आम,जामुन,अनार,सीताफल,अमरूद,पपीता,पाम ट्री के पौधे लगाये गये . कार्यक्रम में वृक्षमित्र संस्था के पदाधिकारी सदस्य,ग्राम पंचायत के सरपंच जितेन्द्र नागवंशी,वरिष्ठ नागरिक मंच के एसपी मिश्रा,स्टेशन रोड टीआई मदनलाल पवार सहित पदाधिकारी सदस्य शामिल रहे। संरक्षक अरविंद राय द्वारा बताया गया कि वृक्षमित्र संस्था द्वारा सीडबाल सहित अब तक 6800 से अधिक पौधे पिपरिया एवं आसपास के क्षेत्र में लगाये जा चुके . वही संचालन गोपाल राज ने किया ।आभार एमएल नायक ने व्यक्त किया .

नक्षत्र वाटिका में पौधा रोपण हुआ

पिपरिया, 20 जुलाई .खापरखेडा में स्थापित नक्षत्र वाटिका में सक्षम सेवा विकास समिति द्वारा संचालित प्रकृति संरक्षण एवं वसुधा श्रृंगार अभियान के अंतर्गत पौधो का रोपण किया गया। 58 वें पौधा रोपण कार्यक्रम के अवसर पर प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए समाजसेवी आशीष शर्मा ने बताया कि वृक्ष केवल पौधे नही बल्कि आने वाली पीढियो के लिये स्वच्छ वायु,जलसंरक्षण और पृथ्वी के संतुलन के आधार है यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में विशेष अवसरो पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले तो समाज में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा जनआंदोलन खडा किया .

निष्पक्ष जांच तक परिषद बैठकों का बहिष्कार : कांग्रेस

▶ नेता प्रतिपक्ष पर लगाए आरोप भाजपा की साजिश

हरदा, 20 जुलाई.नगर पालिका परिषद की 17 जुलाई की सामान्य परिषद बैठक में हुए विवाद को लेकर सोमवार को निजी होटल में कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर भाजपा पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी पर लगाए गए आरोप निराधार हैं और निष्पक्ष जांच पूरी होने तक कांग्रेस पार्षद परिषद की बैठकों का बहिष्कार करेंगे।

विधायक प्रतिनिधि अनिल दुबे ने कहा कि परिषद में दूषित पेयजल, बढ़े हुए जलकर, संपत्ति कर और सफाई कर जैसे जनहित के मुद्दे उठाए जा रहे थे, लेकिन भाजपा पार्षदों ने जानबूझकर व्यवधान पैदा कर बैठक का माहौल खराब किया ।जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन बिश्नोई ने कहा कि भाजपा राजनीतिक दुर्भावना से विपक्ष को बदनाम कर रही है। कांग्रेस पूरी मजबूती से नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी और सभी पार्षदों के साथ खड़ी है ।पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार ने कहा कि विपक्ष का दायित्व जनता की समस्याएं उठाना है, लेकिन भाजपा समाधान के बजाय विपक्ष को निशाना बना रही है ।कांग्रेस पार्षद अहद खान ने नगर पालिका में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मुद्दे उठाने पर विपक्षी पार्षदों को झूठे मामलों में फंसाने की साजिश का आरोप लगाया ।महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमिला सिंह ठाकुर ने वार्ड-31 में शुद्ध पेयजल संकट का मुद्दा उठाते हुए पानी की टंकी और नई पाइपलाइन की मांग की ।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास ने बताया कि कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के आधार पर निष्पक्ष जांच की मांग की है.15 अगस्त से बढ़े हुए करों के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा.

नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने आरोप लगाया कि डूडी बिल्डकॉम के डामरीकरण कार्य के लगभग 15 प्रतिशत अधिक दर वाले टेंडर पर चर्चा रोकने के लिए विवाद कराया गया.

बेतरतीब खड़े वाहनों पर लगेगा व्हील लॉक

▶ यातायात व्यवस्था सुधारने के लिये होगी सख्त कार्रवाई

▶ विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था हो - कलेक्टर

हरदा , 20 जुलाई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि हरदा नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सड़कों पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर 'व्हील लॉक' लगाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर ऐसे वाहनों को 'टो व्हीकल' के माध्यम से हटाया जा सकेगा।

उन्होंने अधिकारियों को यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए ।कलेक्टर ने जिले में स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करें तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए. पंचायतों को भी अपने बिजली बिलों का शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए गए, जिससे उनकी विद्युत व्यवस्था प्रभावित न हो.कलेक्टर ने अवैध खनिज उत्खनन के मामलों में आरोपित अर्थदंड की सख्ती से वसूली करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी.संबंधित विभागों को नियमित कार्रवाई करते हुए शासन के निर्देशों का पालन करने को कहा गया.

छात्र-छात्राओं को छात्रावासों में ही मिलेगी कोचिंग

▶ 31 जुलाई तक करें आवेदन

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 20 जुलाई. शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शासन द्वारा संचालित उत्कृष्ट छात्रावास एवं महाविद्यालयीन छात्रावासों में निवासरत छात्र/छात्राओं को अब छात्रावास में ही कोचिंग की सुविधा मिलेगी. इसके लिए इच्छुक शिक्षक/व्याख्याता 31 जुलाई 2026 तक संबंधित छात्रावास अधीक्षकों को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं.

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम विवेक नागवंशी ने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक के उतकृष?ट छात्रावासों में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, भौतिक, रसायन एवं कम्प्यूटर के विषयों की कोचिंग की जाएगी. जिसमें वीरांगना रानी दुर्गावती उत्कृष्ट कन्या छात्रावास नर्मदापुरम, वीरांगना रानी दुर्गावती उत्कृष्ट कन्या छात्रावास केसला, राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह उत्कृष्ट बालक छात्रावास केसला एवं राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह उत्कृष्ट बालक छात्रावास पचमढ़ी शामिल है.स्नातक से स्नातकोत्तर स्तर के महाविद्यालीन छात्रावासों में अंग्रेजी विषय पर कोचिंग दी जाएगी. जिसमें वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास नर्मदापुरम, वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालयीन नवीन कन्या छात्रावास नर्मदापुरम, वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालयीन नवीन कन्या छात्रावास इटारसी, राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह महाविद्यालयीन बालक छात्रावास पिपरिया, महाविद्यालयीन अनुसूचित जाति बालक छात्रावास नर्मदापुरम एवं महाविद्यालयीन अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास नर्मदापुरम शामिल है.

मयंक तोमर ने एआईबीई 21 परीक्षा की उत्तीर्ण

नर्मदापुरम, 20 जुलाई. सीनियर एकेडमिक काउंसलर डॉ. मयंक तोमर ने बीसीआई नई दिल्ली द्वारा आयोजित ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन 21सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है. इस परीक्षा में लगभग 2 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे, जिनमें से 60 प्रतिशत ने पास होने के लिए ज़रूरी न्यूनतम कट-ऑफ अंक हासिल किए.गिन्नी कंपाउंड कॉलोनी निवासी और एकेडमिक काउंसलर डॉ. मयंक तोमर भी इसमें सफल रहे. अब वे भारत की किसी भी अदालत में वकालत कर सकते हैं.

सोनम वांगचुक के आमरण अनशन के समर्थन में

▶ छात्रो ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर उपवास रखा

पिपरिया, 20 जुलाई.दिल्ली में चल रहे जंतर मंतर पर सोनम वांगचुक के आमरण अनशन के समर्थन में पिपरिया के छात्रो ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर उपवास रखा ।छात्रो ने नीट पेपर लीक मुद्दे पर सरकार से जवाबदेही की मांग की और 23 बच्चो की आत्महत्या पर केंडल जलाकर श्रद्धांजली दी.

मंगलवारा चौक पर प्रात:10 बजे से शुरू हुआ इस उपवास में छात्र छात्राओं ने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मागांधी के छायाचित्र पर पुष्पअर्पित कर उन्हे याद कर अपना उपवास प्रारंभ किया. युवा छात्र नेता हर्षित शर्मा द्वारा सबसे पहले छात्रो को संविधान की प्रस्तावना का पाठ वाचन करवाया गया. कार्यक्रम में भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढना केवल औपचारिकता नही है .

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 20 जुलाई. न्यायालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर दरबार में शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अधिवक्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया. इस दौरान अध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत, गुरमीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सलोनी अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों का सम्मान किया गया.

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप चौबे, गोविंद दुबे, आनंद तिवारी, अनूप तोमर, रामसेवक यादव, प्रकाश शुक्ला, नोटरी जितेंद्र सिंह सेंगर, नवनिर्वाचित सचिव आनंद यादव, मुकेश मछिया, नितिन शर्मा, संजय दुबे, जीवन सिंह रघुवंशी, मनीष तिवारी, सुरेंद्र सिंह राजपूत, अनुपम दुबे, गुरप्रीत कौर, धर्मेंद्र दुबे, विनोद सिंह तोमर, हरिशंकर यादव, विनय सिंह राजपूत, बजरंगी, गोलू अवस्थी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे.

जिला अधिवक्ता संघ के सचिव बनने पर अनुपम दुबे का सम्मान जिला अधिवक्ता संघ के सचिव पद पर निर्वाचित होने पर मॉर्निंग ग्रुप द्वारा नेहरू पार्क में अनुपम दुबे का सम्मान किया गया. इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने पुष्पमालाएं पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं.सम्मान के बाद अनुपम दुबे ने अपनी जीत पर सभी अधिवक्ता साथियों, मॉर्निंग ग्रुप के सदस्यों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया. अजयपाल सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, लोकेश तिवारी रहे.

संवाद ▶ अब हर वार्ड की सीमा पर लग रहे पार्षदों के नाम के बोर्ड

महानगरों की तर्ज पर नर्मदापुरम में नई पहल

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 20 जुलाई. शहर में नगर पालिका प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की सुविधा और वार्डों की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक नई पहल की जा रही है. पुलिस थानों की सीमा की तरह नगर पालिका क्षेत्र की शुरुआत और समाप्ति दर्शाने वाले बोर्ड पहले ही लगाए जा चुके हैं.

अब इसी क्रम में नगर पालिका के सभी 33 वार्डों की सीमाओं पर संबंधित वार्ड पार्षदों के नाम के बोर्ड लगाए जा रहे हैं. इस व्यवस्था के लागू होने के बाद

शहरवासियों को यह जानने में आसानी होगी कि वे किस वार्ड में निवास करते हैं और उनके निर्वाचित जनप्रतिनिधि कौन हैं.नगर पालिका की इस पहल को शहर में सुशासन और जनसुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. अभी तक कई ऐसे क्षेत्र थे जहां वार्ड सीमाओं को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रहती थी. कई बार नागरिकों को यह तक पता नहीं होता था कि उनका वार्ड कौन-सा है और उनकी समस्या के समाधान के लिए किस पार्षद से संपर्क करना चाहिए. नए बोर्ड लगने के बाद यह परेशानी काफी हद तक समाप्त हो जाएगी.

वार्ड की सीमा पर लग रहे बोर्ड

प्रत्येक वार्ड की सीमा पर लगाए जा रहे बोर्डों पर वार्ड क्रमांक के साथ संबंधित पार्षद का नाम भी अंकित किया जा रहा है.बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा व स्वच्छ नर्मदापुरम, सुंदर नर्मदापुरम के के साथ ही यूएलबी कोड अंकित किया जा रहा हैं.इससे क्षेत्र में प्रवेश करते ही लोगों को यह जानकारी मिल जाएगी कि वे किस वार्ड में हैं. स्थानीय नागरिकों के अलावा बाहर से आने वाले लोगों को भी वार्डों की पहचान करने में सुविधा मिलेगी.नगर पालिका का मानना है कि इस पहल से वार्डों की प्रशासनिक पहचान मजबूत होगी और नागरिकों तथा जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर संवाद स्थापित होगा.

महानगरों की तर्ज पर बोर्ड

नगर पालिका द्वारा लगाए जा रहे ये बोर्ड महानगरों की तर्ज पर तैयार किए गए हैं , जहां वार्ड सीमाओं और जनप्रतिनिधियों की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जा रही है .इस व्यवस्था से शहर की पहचान अधिक व्यवस्थित होगी और प्रशासनिक कार्यों में भी पारदर्शिता आएगी .नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार बोर्ड लगाने का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है. सभी 33 वार्डों में सीमा बिंदुओं पर बोर्ड स्थापित किए जाएंगे ताकि प्रत्येक वार्ड की स्पष्ट पहचान हो सके .

18 साल से पदोन्नति नहीं, मांगों पर आंदोलन

▶ मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन; मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन होगा और उग्र

हरदा, 20 जुलाई. मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण को लेकर आंदोलन के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है। तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश के बाद रविवार को प्रदेशभर के पटवारियों ने काली पट्टी बांधकर नियमित शासकीय कार्य किया तथा तहसीलदारों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पांच सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

संघ के प्रांतीय संवाद समिति अध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि संगठन लंबे समय से शासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखता आ रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है. मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में पटवारी महाधिवेशन आयोजित कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन न तो महाधिवेशन की तिथि घोषित हुई और न ही लंबित मांगों पर कोई आदेश जारी किया गया ।प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र बघेल ने कहा कि प्रदेश में पिछले करीब 18 वर्षों से पटवारियों की पदोन्नति नहीं हुई है, जबकि अन्य विभागों में नियमित पदोन्नतियां हो रही हैं.कैडर रिव्यू लागू कर पात्र पटवारियों को पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ देने की मांग दोहराई है.